"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेंडेल फिलिप्स

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 11 अपैल 2026 शनिवार

## सम्पादकीय

## महिला आरक्षण और लोकतंत्र

साल 2011 की जनगणना के मुताबिक भारत की जनसंख्या में महिलाओं की आबादी 48.5ः थी। अनुमान है कि पिछले करीब डेढ़ दशक में इसमें कुछ सुधार ही हुआ होगा, लेकिन जो नहीं बदला, वह है देश की संसद और राज्य की विधानसभाओं में महिलाओं की हिस्सेदारी। नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण) इसी स्थिति को बदलने वाला कानून है और इसके पास व लागू होने में देरी नहीं होनी चाहिए।

आंकड़े बताते हैं कि राजनीति में महिलाएं महत्वपूर्ण तो रहीं, पर ज्यादातर वोट बैंक के नजरिये से। उनको उचित प्रतिधिनित्व आज भी नहीं मिल पाया है, जबकि हर क्षेत्र में समान अधिकार की बात की जाती है। मौजूदा लोकसभा में महज 14ः महिला सांसद हैं, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं में तो स्थिति और खराब है – महज 10ः महिला विधायक। और जब महिलाओं को मौका ही नहीं मिलेगा, तो यह सुधरेगा कैसे। भारत ने अपनी आजादी के साथ ही महिलाओं को पुरुषों के बराबर वोटिंग का अधिकार देकर दुनिया के सामने नजीर पेश की थी, पर इसके अगले चरण – राजनीति में उनकी बराबर भागीदारी में देश पीछे रह गया। साल 1996 में एचडी देवेगौड़ा की सरकार में पहली बार महिला आरक्षण बिल लाया गया था और तब से तीन दशकों में चार असफल प्रयास हो चुके हैं। अब सरकार ने बिल पास करने के लिए 16 से 18 अप्रैल को संसद का विशेष सत्र बुलाया है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने केरल में एक चुनावी रैली में महिलाओं से विपक्षी दलों पर दबाव बनाने की अपील की, ताकि संसद में महिला आरक्षण बिल बिना किसी विरोध के पास हो सके। आदर्श स्थिति तो यह होगी कि बिल को हर दल का साथ मिले, दबाव बनाने और विरोध की नौबत ही न आए। देर से ही सही, कम से कम अब इस काम को अंजाम तक पहुंच जाना चाहिए। जब सदन में ज्यादा महिलाएं होंगी, तो आधी आबादी से जुड़े मुद्दों को ज्यादा आवाज मिलेगी। उनकी समस्याओं पर ज्यादा सटीक और संवेदनशील चर्चा हो सकेगी, जिससे नीतियां बनाने में मदद मिलेगी। महिलाओं की अनगिनत उपलब्धियों के बावजूद राजनीति उन कुछ क्षेत्रों में है, जहां उन्हें बराबर मौके नहीं मिल पाते। महिला आरक्षण बिल इस कमी को दूर करेगा। इस बदलाव का असर पूरे समाज पर पड़ेगा। महिला आरक्षण का सवाल सिर्फ सीटों का बंटवारा नहीं, भारत के लोकतंत्र को और संतुलित व न्यायपूर्ण बनाने का मुद्दा है।

## चुनावों में विपक्षी एकजुटता

चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश के विधानसभा चुनावों में से असम, केरलम एवं पुडुचेरी के लिए मतदान हो चुका है और बंगाल एवं तमिलनाडु के मतदाताओं को अपना निर्णय करना अभी शेष है। लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार देश में एक साथ इतने बड़े पैमाने पर चुनाव हो रहे हैं तो स्वाभाविक है कि राष्ट्रीय राजनीति पर भी उसका असर दिखेगा। देखा जाए तो चार मई को आने वाले नतीजे केंद्र और राज्य सरकारों की नीतियों को आईना दिखाने के साथ भावी राजनीति की दिशा निर्धारित करने का काम भी करेंगे। इस दौरान जहां मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर से लेकर निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन जैसी संस्थागत प्रक्रियाओं की परख होगी तो महिला आरक्षण विधेयक के कानून के अमल में आने से भी राजनीतिक दलों को अपने समीकरण नए सिरे से तैयार करने होंगे।

अगर राजनीतिक परिदृश्य की बात करें तो पांच राज्यों के चुनाव राष्ट्रीय दलों के साथ–साथ क्षेत्रीय पार्टियों के लिए भी अस्तित्व बचाए रखने की चुनौती है। असम में भाजपा और बंगाल में तृणमूल कांग्रेस लंबे समय से राज्य की सत्ता पर काबिज हैं। केरलम में वामपंथी दलों के गठबंधन ने पिछले विधानसभा चुनाव में बारी–बारी से सत्ता बदलने वाले रुझान को धता बताते हुए कांग्रेस को हैरान किया था। तमिलनाडु में दोनों ही राष्ट्रीय दल मुख्य मुकाबले से बाहर अपने सहयोगियों के भरोसे हैं। पुडुचेरी की कहानी भी कमोबेश ऐसी ही है।

इस तरह दोनों ही राष्ट्रीय दलों का दो–दो राज्यों में बहुत कुछ दांव पर लगा होने के साथ ही एक राज्य में ही सीधा मुकाबला है। प्रतीत होता है कि भाजपा ने असम को अपना गढ़ बना लिया है और इस चुनाव में भी वहां कांग्रेस को अंदरूनी कलह का सामना करना पड़ा जब चुनावों के दौरान ही उसके दो दिग्गज नेता भाजपाई खेमे से जुड़ गए। केरलम में जरूर वामपंथी दलों के दस साल के शासन से सत्ता विरोधी रुझान के दम पर कांग्रेस उम्मीदें पाले हुए है। अगर कांग्रेस इन दोनों राज्यों में खास प्रदर्शन नहीं कर पाती तो निश्चित ही राष्ट्रीय राजनीति से जुड़ी उसकी आकांक्षाओं को आघात पहुंचेगा।

बंगाल और तमिलनाडु, दोनों राजनीतिक रूप से बड़े राज्य हैं। लोकसभा की अच्छी–खासी सीटें भी इनकी राजनीतिक महत्ता और बढ़ा देती हैं। दोनों ही जगह क्षेत्रीय दल मजबूती से टिके हुए हैं। पहले माकपा के नेतृत्व में वामपंथी दलों और फिर तृणमूल कांग्रेस का मजबूत किला बन चुका बंगाल लंबे अर्से से राष्ट्रीय दलों को मायूस ही करता आया है। पिछले चुनाव में भाजपा ने भरसक प्रयास किए, फिर भी ममता बनर्जी को सत्ता से बाहर नहीं कर पाई। तमिलनाडु में जयललिता के निधन के बाद से ही द्रमुक ने अपनी पकड़ जिस तरह मजबूत की हुई है, वह कमजोर होती नहीं दिख रही। भाजपा ने इस राज्य में भी सेंध लगाने के लिए कोशिश तो बहुत की, लेकिन थक हारकर सहयोगियों के दम पर ही आगे बढ़ने का विकल्प अपनाया। अभिनेता से नेता बने विजय के राजनीति में उतरने से भी राज्य का चुनाव रोचक हो गया है। बहरहाल, इन दोनों राज्यों के नतीजे क्षेत्रीय क्षत्रपों की राज्य की सत्ता पर पकड़ के साथ ही राष्ट्रीय राजनीति में उनके असर को भी निर्धारित करेंगे।

पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में इस बार के चुनावों की पृष्ठभूमि में भी जमीन–आसमान का अंतर है और इसका असर परिणामों को भी प्रभावित कर सकता है। 2021 के चुनाव कोविड महामारी के प्रकोप के दौरान हुए थे। उसने चुनाव अभियान से लेकर मतदान तक पर अपना असर दिखाया था। उसकी तुलना में इस बार चुनाव सामान्य परिस्थितियों में हो रहे हैं। असम, केरलम और पुडुचेरी में मतदान प्रतिशत में जबरदस्त बढ़ोतरी भी इसे स्पष्ट रूप से रेखांकित कर रही है। एक और महत्वपूर्ण पहलू एसआइआर का भी है। एसआइआर से असम, केरलम और पुडुचेरी में तो बहुत ज्यादा मतदाताओं के नाम नहीं कटे और वहां बहुत विवाद भी नहीं हुआ। जबकि तमिलनाडु में 70 से 80 लाख और बंगाल में करीब एक करोड़ नाम एसआइआर के चलते मतदाता सूची से कटे हैं। यह एक बहुत बड़ा आंकड़ा है। बिहार का जनादेश इसका स्पष्ट उदाहरण रहा कि एसआइआर में कटे संदिग्ध मतदाताओं के नाम न केवल मतदान प्रतिशत, बल्कि अंतिम परिणामों को भी एक बड़ी हद तक प्रभावित करते हैं। विपक्षी दलों के कई नेता आइएनडीआइए का नेतृत्व करने के लिए उनके नाम को आगे बढ़ाते रहे हैं। ऐसे में इन चुनावों के नतीजे विपक्षी गठबंधन की एकता को भी प्रभावित करते दिखाई पड़ सकते हैं।

# जलसंधि रूपी समुद्र की संकीर्ण राहें और दुनिया की व्यापक ताकत



—अखिल कुमार यादव—




हाल ही में Hormuz Strait (हार्मुज जलसंधि) ने वैश्विक मंच पर असाधारण चर्चा हासिल की। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, समुद्री सुरक्षा को लेकर बढ़ती आशंकाएँ और तेल टैंकरों की आवाजाही में आई सुस्ती ने पूरी दुनिया का ध्यान इस संकीर्ण जलमार्ग की ओर खींच लिया। जब इस मार्ग से गुजरने वाले जहाजों की संख्या घटती है, तो उसका प्रभाव केवल खाड़ी क्षेत्र तक सीमित नहीं रहता, बल्कि न्यूयॉर्क से लेकर नई दिल्ली तक के बाजारों में महसूस किया जाता है। तेल की कीमतों में उछाल, आपूर्ति श्रृंखला में बाधा और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताकृये सब इस बात के संकेत हैं कि आधुनिक दुनिया की स्थिरता कुछ बेहद संकीर्ण समुद्री रास्तों पर टिकी हुई है। यह स्थिति हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था कितनी गहराई से भूगोल पर निर्भर है।

जलसंधि, परिभाषा के स्तर पर, दो बड़े जल निकायों को जोड़ने वाला एक संकीर्ण जलमार्ग है, जो दो भूभागों को अलग करता है। लेकिन व्यवहार में यह परिभाषा बहुत सीमित है। वास्तव में, जलसंधियाँ वैश्विक अर्थव्यवस्था की धमनियाँ हैं, जिनके माध्यम से ऊर्जा, व्यापार और सामरिक शक्ति का प्रवाह होता है। इन्हें ष्चोक पॉइंटष् (संकीर्ण नियंत्रण बिंदु) भी कहा जाता है ऐसे स्थान जहाँ से होकर गुजरने वाला यातायात नियंत्रित किया जा सकता है और जिनकी बाधा पूरी दुनिया को प्रभावित कर सकती है। इसका सबसे सशक्त उदाहरण है हार्मुज जलसंधि, जहाँ से होकर दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत कच्चे तेल का परिवहन होता है। यह मार्ग ईरान और ओमान के बीच स्थित है और सऊदी अरब, इराक, कुवैत तथा संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों के ऊर्जा निर्यात की जीवनरेखा है। लेकिन हार्मुज अकेला नहीं है। वैश्विक समुद्री मानचित्र पर कई ऐसे जलमार्ग हैं, जिनकी भूमिका उतनी ही महत्वपूर्ण है। दक्षिण–पूर्व एशिया में स्थित मलक्का जलसंधि (जतंपज व डिंस. बब) दुनिया का सबसे व्यस्त समुद्री मार्ग माना जाता है। यह हिंद महासागर को दक्षिण चीन सागर से जोड़ता है और एशिया, यूरोप तथा अफ्रीका के बीच व्यापार का प्रमुख रास्ता है। अनुमान है कि हर वर्ष लाखों टन माल इसी मार्ग से होकर गुजरता है। यदि यह मार्ग बाधित हो जाए, तो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है, जिससे उद्योगों, बाजारों और उपभोक्ताओं पर सीधा असर पड़ता है। इसी प्रकार बाब–अल–मंदेब जलसंधि लाल सागर और अदन की खाड़ी को जोड़ता है और यूरोप तथा एशिया के बीच व्यापार की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। यह मार्ग स्वेज नहर से जुड़ा हुआ है, जो भूमध्य सागर को लाल सागर से जोड़ता है। इन दोनों मार्गों के माध्यम से यूरोप और एशिया के बीच समुद्री दूरी काफी कम हो जाती है। यदि इनमें किसी प्रकार की रुकावट आती है, तो जहाजों को अफ्रीका के दक्षिणी छोर, केप ऑफ गुड होप, से होकर लंबा चक्कर लगाना पड़ता है, जिससे समय और लागत दोनों बढ़ जाते हैं।

इतिहास इस बात का साक्षी है कि जलसंधियों और समुद्री मार्गों पर नियंत्रण हमेशा से शक्ति का प्रतीक रहा है। 1956 का स्वेज संकट इसका स्पष्ट उदाहरण है, जब मिस्र द्वारा स्वेज नहर के राष्ट्रीयकरण के बाद ब्रिटेन, फ्रांस और इजराइल के साथ संघर्ष ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति को हिला दिया था। इसी तरह ईरान–इराक युद्ध के दौरान खाड़ी क्षेत्र में तेल टैंकरों पर हमले हुए, जिससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति खतरे में पड़ गई। हाल के समय में एवर गिवेन जहाज स्वेज नहर ब्लॉकेज घटना ने दुनिया को यह दिखाया कि एक जहाज के फंस जाने से भी वैश्विक व्यापार कैसे ठप हो सकता है। यह घटना आधुनिक वैश्विक व्यवस्था की नाजुकता को उजागर करती है।

यूरोप की जलसंधियाँ भी सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण रही हैं। जिब्राल्टर जलसंधि अटलांटिक महासागर और भूमध्य सागर को जोड़ती है और यह यूरोप तथा अफ्रीका के बीच एक महत्वपूर्ण समुद्री द्वार है। इसी तरह बोस्फोरस जलसंधि व डार्डानेल्स जलसंधि काला सागर को भूमध्य सागर से जोड़ते हैं। रूस और पूर्वी यूरोप के देशों के लिए ये मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि इनके माध्यम से ही वे वैश्विक समुद्री व्यापार में भागीदारी करते हैं। इन जलमार्गों पर नियंत्रण क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को भी प्रभावित करता है।


भारत के लिए जलसंधियों का महत्व विशेष रूप से उल्लेखनीय है। भारत का लगभग 80 प्रतिशत से अधिक व्यापार समुद्री मार्गों के माध्यम से होता है और ऊर्जा आयात का बड़ा हिस्सा हार्मुज जलसंधि से होकर आता है। इसके अलावा मलक्का जलसंधि भारत के पूर्वी एशिया के साथ व्यापार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि इन मार्गों में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न होती है, तो इसका सीधा असर भारत की अर्थव्यवस्था, महंगाई दर और औद्योगिक उत्पादन पर पड़ता है। यही कारण है कि भारत अपनी समुद्री सुरक्षा नीति में इन जलसंधियों की निगरानी और सुरक्षा को प्राथमिकता देता है। भारतीय नौसेना की सक्रियता और हिंद महासागर क्षेत्र में उसकी बढ़ती उपस्थिति इसी रणनीति का हिस्सा है।

वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में यह भी देखा जा रहा है कि देश पारंपरिक जलमार्गों पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए वैकल्पिक मार्गों की तलाश कर रहे हैं। आर्कटिक क्षेत्र में बर्फ के पिघलने से ष्नॉर्दर्न सी रूटष् (उत्तरी समुद्री मार्ग) जैसे नए रास्ते उभर रहे हैं, जो भविष्य में यूरोप और एशिया के बीच दूरी को कम कर सकते हैं। इसी तरह Belt and Road Initiative (बेल्ट एंड रोड पहल) के तहत स्थलीय और समुद्री मार्गों का एक व्यापक नेटवर्क विकसित किया जा रहा है। इसके अलावा, तेल और गैस के लिए पाइपलाइन नेटवर्क का विस्तार भी एक महत्वपूर्ण रणनीति बन गया है, ताकि समुद्री मार्गों में किसी भी संकट का प्रभाव सीमित किया जा सके। इसके साथ ही, समुद्री सुरक्षा के नए आयाम भी सामने आ रहे हैं। समुद्री डकैती, आतंकवाद, साइबर हमले और क्षेत्रीय संघर्ष जैसे खतरे इन जलमार्गों की सुरक्षा को और अधिक जटिल बना रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय सहयोग, संयुक्त नौसैनिक अभ्यास और तकनीकी निगरानी प्रणालियाँ इन चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक हो गई हैं। संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक संस्थाएँ भी समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। फिर भी, इन सभी प्रयासों के बावजूद जलसंधियों का महत्व कम नहीं हुआ है। बल्कि वैश्विक व्यापार के विस्तार और ऊर्जा की बढ़ती मांग के साथ इनकी भूमिका और भी बढ़ गई है। ये जलमार्ग न केवल आर्थिक गतिविधियों को गति देते हैं, बल्कि देशों के बीच शक्ति संतुलन को भी प्रभावित करते हैं। जिस देश का इन पर नियंत्रण या प्रभाव होता है, वह वैश्विक स्तर पर अपनी स्थिति को मजबूत कर सकता है। यदि हम विश्व मानचित्र को ध्यान से देखें, तो पाएंगे कि ये जलसंधियाँ मानो मानव शरीर की नसों की तरह हैं संकीर्ण, लेकिन अत्यंत महत्वपूर्ण। इनके माध्यम से ही वैश्विक व्यापार का रक्त प्रवाहित होता है। एक छोटी सी रुकावट भी पूरे तंत्र को प्रभावित कर सकती है। हार्मुज की हालिया स्थिति ने इस सत्य को एक बार फिर उजागर कर दिया है कि आधुनिक दुनिया की स्थिरता कुछ चुनिंदा भौगोलिक बिंदुओं पर टिकी हुई है।

अंततः, जलसंधियाँ हमें यह समझाती हैं कि भूगोल केवल स्थिर नक्शों का विषय नहीं है, बल्कि यह जीवंत, गतिशील और शक्ति से परिपूर्ण तत्व है। आज जब दुनिया परस्पर निर्भरता के नए युग में प्रवेश कर चुकी है, तब इन संकीर्ण जलमार्गों का महत्व और भी बढ़ गया है। भविष्य चाहे कितना भी तकनीकी और उन्नत क्यों न हो जाए, समुद्रों के ये रास्ते हमेशा वैश्विक व्यवस्था की रीढ़ बने रहेंगे। दुनिया भले ही महाद्वीपों में विभाजित हो, लेकिन उसकी असली धड़कन इन जलसंधियों में ही बहती हैकृऔर यही धड़कन तय करती है कि वैश्विक शक्ति का प्रवाह किस दिशा में जाएगा।

# तीन राज्यों में भारी मतदान का संदेश

—नीरज कुमार दुबे—



असम, केरल और पुडुचेरी में हुए विधानसभा चुनावों में इस बार जबरदस्त मतदान ने लोकतंत्र की मजबूती का एक नया उदाहरण प्रस्तुत किया है। लगभग 80 प्रतिशत के औसत मतदान ने यह संकेत दिया है कि जनता न केवल राजनीतिक रूप से जागरूक है, बल्कि अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए भी पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इतना ही नहीं, इस भारी मतदान ने राजनीतिक दलों की धड़कनें भी तेज कर दी हैं, क्योंकि हर दल इसे अपने पक्ष में जनसमर्थन के रूप में देख रहा है। हालांकि इस बंपर मतदान के वास्तविक मायने क्या हैं, यह समझने के लिए तीनों राज्यों का अलग अलग विश्लेषण जरूरी है।

सबसे पहले बात असम की करें तो यहां का मतदान प्रतिशत न केवल पिछले चुनावों से अधिक रहा बल्कि कई क्षेत्रों में रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया। कुल 126 विधानसभा क्षेत्रों में लगभग 85 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया, जो पहले के चुनावों के मुकाबले अधिक है। खास बात यह रही कि सोलह निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान नब्बे प्रतिशत से भी ऊपर पहुंच गया। दलगांव में तो मतदान लगभग 95 प्रतिशत के करीब रहा, जो राज्य में सबसे अधिक है।

असम में चुनावी मुकाबला मुख्य रूप से दो ध्रुवों के बीच रहा। एक ओर भाजपा के नेतृत्व वाला सत्तारुढ़ गठबंधन है जो लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी की कोशिश कर रहा है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के नेतृत्व वाला विपक्ष गठबंधन सत्ता में वापसी के लिए संघर्षरत है। इसके अलावा कुछ क्षेत्रीय दल भी कुछ सीटों पर प्रभाव डालने की स्थिति में हैं।

यहां मतदान का एक महत्वपूर्ण पहलू क्षेत्रीय असमानता के रूप में सामने आया। निचले असम के क्षेत्रों में, जहां अल्पसंख्यक मतदाताओं की संख्या अधिक है, वहां मतदान प्रतिशत अत्यधिक रहा। बरपेटा, बोंगाईगांव और धुबरी जैसे जिलों में मतदान नब्बे प्रतिशत से ऊपर दर्ज किया गया। इसके विपरीत ऊपरी असम के क्षेत्रों में मतदान अपेक्षाकृत कम रहा। इससे यह संकेत मिलता है कि चुनावी उत्साह उन क्षेत्रों में अधिक था जहां मुकाबला अधिक तीखा है। हालांकि मतदान के दौरान कुछ स्थानों पर हिंसा की घटनाएं भी सामने आईं, लेकिन कुल मिलाकर मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही। भारी मतदान को लेकर सत्तारुढ़ नेतृत्व ने इसे ऐतिहासिक बताया और इसे जनता के विश्वास का प्रतीक माना।

अब केरल की बात करें तो यहां का चुनाव परंपरागत रूप से दो प्रमुख गठबंधनों के बीच होता रहा है। इस बार भी मुख्य मुकाबला सत्तारुढ़ वाम मोर्चा और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ मोर्चे के बीच रहा, जबकि तीसरा विकल्प बनने की कोशिश कर रहा भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में लगा है।

केरल में लगभग 77 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया, जो पिछले चुनाव से अधिक है। आंकड़ों के मुताबिक कोझिकोड जिले में सबसे अधिक मतदान दर्ज किया गया, जबकि कुछ क्षेत्रों में अपेक्षाकृत कम मतदान हुआ। केरल में इस बार चुनाव का मुख्य सवाल यह रहा कि क्या सत्तारुढ़ गठबंधन लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटेगा या फिर विपक्ष वापसी करेगा? उच्च मतदान को लेकर अलग अलग राजनीतिक दलों ने अलग अलग दावे किए हैं। सत्तारुढ़ पक्ष इसे अपनी नीतियों के समर्थन के रूप में देख रहा है, जबकि विपक्ष इसे बदलाव की इच्छा का संकेत बता रहा है।

हम आपको बता दें कि उत्तर केरल यानी मलाबार क्षेत्र इस बार भी चुनावी परिणामों की कुंजी माना जा रहा है। यहां की साठ सीटों पर तीनों प्रमुख राजनीतिक धाराओं की नजर है। पिछले चुनाव में इस क्षेत्र में सत्तारुढ़ दल को बड़ी सफलता मिली थी, लेकिन इस बार विपक्ष यहां बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कर रहा है। कई सीटों पर कड़ा मुकाबला और अस्सी प्रतिशत से अधिक मतदान इस क्षेत्र को और भी महत्वपूर्ण बना देता है।


**अब पुडुचेरी की बात करें तो यहां सबसे अधिक मतदान दर्ज किया गया, जो लगभग नब्बे प्रतिशत के करीब रहा। यह पिछले सभी रिकॉर्ड को पार करता हुआ दिखाई देता है। यहां मुकाबला मुख्य रूप से दो गठबंधनों के बीच है। एक ओर सत्तारुढ़ एनडीए गठबंधन है तो दूसरी ओर कांग्रेस के नेतृत्व वाला विपक्ष।** पुडुचेरी में चुनावी मुद्दों में राज्य का दर्जा, बेरोजगारी और जल प्रदूषण जैसे विषय प्रमुख रहे। इसके अलावा एक नए राजनीतिक दल की एंट्री ने भी चुनाव को दिलचस्प बना दिया है। उच्च मतदान से यह संकेत मिलता है कि जनता इन मुद्दों को लेकर गंभीर है और बदलाव या स्थिरता में से किसी एक को स्पष्ट रूप से चुनना चाहती है।


तीनों राज्यों के आंकड़ों को मिलाकर देखें तो कुल मिलाकर पांच करोड़ से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया और कुल एक हजार नौ सौ से अधिक उम्मीदवार मैदान में रहे। यह संख्या इस बात को दर्शाती है कि लोकतंत्र में भागीदारी कितनी व्यापक है।

अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या भारी मतदान सत्ता परिवर्तन का संकेत है या फिर यह सत्तारुढ़ दलों के प्रति विश्वास को दर्शाता है? चुनावी विशेषज्ञों की राय इस पर बंटी हुई है। कुछ का मानना है कि जब लोग बड़ी संख्या में मतदान करते हैं तो यह बदलाव की इच्छा का संकेत होता है, जबकि अन्य इसे सरकार के प्रति संतोष के रूप में देखते हैं। वैसे कई विश्लेषकों का यह भी कहना है कि तीनों ही राज्यों में चुनाव प्रचार के दौरान जो बात सबसे प्रमुख तौर पर नजर आई वह यह थी कि सरकार के खिलाफ नाराजगी जरूर दिखी लेकिन सरकार बदलने का भाव जनता के बीच नहीं दिखा।

बहरहाल, यह कहा जा सकता है कि असम में क्षेत्रीय ध्रुवीकरण, केरल में परंपरागत मुकाबला और पुडुचेरी में सीधी टक्कर ने इन चुनावों को बेहद रोमांचक और निर्णायक बना दिया है। भारी मतदान ने लोकतंत्र की जड़ों को और मजबूत करने का काम किया है और यह साफ संकेत दिया है कि जनता अपने अधिकार को लेकर पहले से अधिक सजग है। अब सबकी नजर मतगणना पर टिकी है, क्योंकि असली तस्वीर वही सामने लाएगी जो इस जनभागीदारी के पीछे छिपे जनमत को स्पष्ट करेगी।–(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# कैसे हो जल की शुद्धता





—पंकज चतुर्वेदी —

बजट में जल सुविधा विस्तार के लिए सरकार ने बड़ी राशि का प्रावधान किया है लेकिन जब तक सरकार 'नल' लगाने की संख्या की होड़ छोड़कर 'जल' की गुणवत्ता, वर्षा जल संचयन और जवाबदेह प्रबंधन पर ध्यान नहीं देगी, तब तक बजट की घोषणाएं सार्थक न होंगी। भारत दुनिया की लगभग 18 प्रतिशत आबादी का घर है, लेकिन हमारे पास वैश्विक मीठे पानी के संसाधनों का केवल 4 प्रतिशत हिस्सा उपलब्ध है। यह असंतुलन ही देश में जल संकट की बुनियादी जड़ है। नीति आयोग की हालिया रिपोर्टों के अनुसार, लगभग 60 करोड़ भारतीय उच्च से अत्यधिक जल तनाव का सामना कर रहे हैं। सवाल यह है कि क्या हम अपने नागरिकों को एक गिलास शुद्ध पानी देने में सक्षम हैं?

इस साल के फरवरी 2026 में पेश किए गए केंद्रीय बजट में जल शक्ति मंत्रालय के लिए 67,600 करोड़ रुपये का आवंटन कर सरकार ने अपनी मंशा तो साफ कर दी है। लेकिन जल जीवन मिशन और 'अमृत' जैसे प्रोजेक्ट्स के पिछले सात वर्षों के सफर को देखें, तो यह स्पष्ट होता है कि व्यवस्था ने केवल पाइप बिछाने की गति को ही सफलता मान लिया, जबकि पानी की शुद्धता और उसकी निरंतरता को हाशिए पर धकेल दिया गया।

भारत के शहरी–ग्रामीण इलाकों में दूषित पानी को लेकर बात करें तो दिसंबर, 2025 से जनवरी 2026 के पहले सप्ताह के बीच ही देश के 26 प्रमुख शहरों में सीवेज मिश्रित पानी पीने से 5,500 से अधिक लोग बीमार हुए और कम से कम 34 लोगों की मौत दर्ज की गई। भारत का सबसे स्वच्छ शहर इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दिसंबर, 2025 के अंतिम सप्ताह में पाइपलाइन में सीवेज का पानी मिलने से 37 लोगों की मौत हो गई और 1,400 से अधिक लोग अस्पताल पहुंच गए। इसी तरह, जनवरी, 2026 की शुरुआत में बेंगलुरु के पॉश इलाकों और गांधीनगर (गुजरात) में सैकड़ों बच्चे दूषित पानी के कारण टाइफाइड और डायरिया का शिकार हुए।

अगस्त, 2019 में जब 'जल जीवन मिशन' शुरू हुआ, तब लक्ष्य था 2024 तक हर घर को नल से जोड़ना। सरकारी पोर्टल के अनुसार, जनवरी 2026 तक देश के लगभग 15.8 करोड़ घरों में नल लग चुके हैं। लेकिन इस 'संख्यात्मक सफलता' के पीछे एक बड़ा ढांचागत दोष है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के 79वें दौर के आंकड़ों के अनुसार, पाइपलाइन कवरेज के बावजूद केवल 39 प्रतिशत ग्रामीण घर ही नल के पानी को अपने प्राथमिक स्रोत के रूप में उपयोग कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में यह उपयोग दर 10 प्रतिशत से 30 प्रतिशत के बीच है।देखा गया कि हजारों गांवों में पाइप और नल तो लगे हैं, लेकिन पानी का दबाव इतना कम है कि वह अंतिम घर तक नहीं पहुंचता। कई स्थानों पर तो नल केवल 'शोपीस' बनकर रह गए हैं। फिर नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के पहाड़ी क्षेत्रों के 60 प्रतिशत जल स्रोत सूख चुके हैं। मैदानी इलाकों में भूजल का स्तर इतनी तेजी से गिर रहा है कि नलों के लिए पानी का कोई स्थायी स्रोत ही नहीं बचा है। जवाबदेही की कमी के कारण पाइपलाइनें बिछाने के कुछ महीनों बाद ही फटने लगी हैं।

## कार्यालय ग्राम पंचायत नरखोरिया वि.खं. रामनगर, जिला-बस्ती

### अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत **नरखोरिया** द्वारा पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवा वित्त केन्द्रीय वित्त/मनरेगा/वीबी–जीरामजी/राष्ट्रीयग्राम स्वराज/अभियान/स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/एस०एल०डब्लू०एम०/सांसद निधि/विधायक निधि/ अन्त्येष्टि स्थल का विकास/मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना सहित अन्य योजनान्तर्गत योजना वर्ष 2026–27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु ईट, ईट गिट्टी, सीमेंट, लोकल सैड, बालू, मोरंग, मिट्टी दुलाई सहित, पत्थर गिट्टी, इण्टरलाकिंग ईट 80 एम०एम०, सरिया, ऐंगिल, फेंसिंग जाली, जी०आई० शीट, हयूम पाइप 250 एम०एम० व्यास से 900 एम०एम० व्यास तक सभी साइज, बेंच, डस्टबिन, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, विद्युत व इलेक्ट्रानिक उपकरण, इण्डिया मार्का हैण्डपम्प मम्मत व रिबोर से जुडे सामग्री व उपकरण, पेंटिंग, पलम्बिंग सामग्री, फागिंग मशीन व रसायन, सफाई उपकरण, कुर्सी, मेज, अलमारी, स्टेशनरी, साइनबोर्ड, शिलापट्ट, ठेला, ई रिक्शा आदि के आपूर्ति हेतु निविदा दर तथा वांछित एक प्रपत्र बन्द लिफाफे में कार्यालय ग्राम पंचायत **नरखोरिया** के निविदा बाक्स में दिनांक 20–04–2026 तक अपरान्ह 12:00 बजे तक डाली जायेगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे आपूर्तिकर्ता या उसके प्रतिनिधि के उपस्थिति में कार्यालय ग्राम पंचायत में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहरं धनराशि मु० 5000–00 (पांच हजार) होगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 11–04–2026 से दिनांक 19–04–2026 तक कार्यालय दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

1– जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2– आपूर्तिकर्ता का जी०एस०टी० का रजिस्ट्रेशन तथा आयकर देने का प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3– कार्यालय ग्राम पंचायत **नरखोरिया** द्वारा नामित कर्मचारियों तथा आपूर्तिकर्ताओ की उपस्थिति में निविदा निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर खोला जायेगा।
4– सामग्री / उपकरण की आपूर्ति ग्राम पंचायत **नरखोरिया** की परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी अलग से कोई ढुलाई व्यय देय नही होगी।
5– जो दरें प्रस्तुत की जाय जी०एस०टी० तथा कार्टेज एवं अन्य कर जोडकर प्रस्तुत की जाय।
6– सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत के आदेश पर की जायेगी।
7– सामग्री / उपकरण की मात्रा तथा समय आवश्यकतानुसार घटाई व बढ़ाई जा सकती है।
8– प्रस्तुत दरें पी०डब्लू०डी० द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नही होगा।
9– आपूर्तिकर्ता के बिल से नियमानुसार आयकर तथा जी०एस०टी० काटी जायेगी।
10– धरोहर की धनराशि नकद अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक के एफ०डी०आर० पत्र/एन०एस०सी०/डाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **नरखोरिया** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
11– आपूर्ति दर स्वीकृत होने के बाद ग्राम पंचायत के आपूर्ति आदेश से सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति करना अनिवार्य होगा।
12– ग्राम प्रधान / सचिव/पंचायत सहायक/रोजगार सेवक / तकनीकी सहायक/कन्सल्टिंग इन्जीनियर तथा उनके सगे संबंधी रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
13– आपूर्तिकर्ता को भुगतान अवर अभियन्ता आर०ई०डी०/अवर अभियन्ता / कन्सल्टिंग अभियन्ता के द्वारा गुणवत्ता एवं मात्रा प्रमाणित होने एवं मापन के बाद ही होगा।
14– निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 50 रू0 है पर ही स्वीकृत की जायेगी।
15– सामग्री/उपकरण आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
16– निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा।

**(जितेन्द्र कुमार)** प्रधान ग्राम पंचायत–**नरखोरिया**

**(आशुतोष कुमार पाल)** सचिव ग्राम पंचायत–**नरखोरिया**

पत्रांक/ मेमो/टेण्डर विज्ञप्ति 2026/27 दिनांक 10.04.2026

## कार्यालय ग्राम पंचायत बेलगड़ी वि.खं. रामनगर, जिला-बस्ती

### अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत **बेलगड़ी** द्वारा पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवा वित्त केन्द्रीय वित्त/मनरेगा/वीबी–जीरामजी/राष्ट्रीयग्राम स्वराज/अभियान/स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/एस०एल०डब्लू०एम०/सांसद निधि/विधायक निधि/ अन्त्येष्टि स्थल का विकास/मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना सहित अन्य योजनान्तर्गत योजना वर्ष 2026–27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु ईट, ईट गिट्टी, सीमेंट, लोकल सैड, बालू, मोरंग, मिट्टी दुलाई सहित, पत्थर गिट्टी, इण्टरलाकिंग ईट 80 एम०एम०, सरिया, ऐंगिल, फेंसिंग जाली, जी०आई० शीट, हयूम पाइप 250 एम०एम० व्यास से 900 एम०एम० व्यास तक सभी साइज, बेंच, डस्टबिन, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, विद्युत व इलेक्ट्रानिक उपकरण, इण्डिया मार्का हैण्डपम्प मम्मत व रिबोर से जुडे सामग्री व उपकरण, पेंटिंग, पलम्बिंग सामग्री, फागिंग मशीन व रसायन, सफाई उपकरण, कुर्सी, मेज, अलमारी, स्टेशनरी, साइनबोर्ड, शिलापट्ट, ठेला, ई रिक्शा आदि के आपूर्ति हेतु निविदा दर तथा वांछित एक प्रपत्र बन्द लिफाफे में कार्यालय ग्राम पंचायत **बेलगड़ी** के निविदा बाक्स में दिनांक 20–04–2026 तक अपरान्ह 12:00 बजे तक डाली जायेगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे आपूर्तिकर्ता या उसके प्रतिनिधि के उपस्थिति में कार्यालय ग्राम पंचायत में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहरं धनराशि मु० 5000–00 (पांच हजार) होगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 11–04–2026 से दिनांक 19–04–2026 तक कार्यालय दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

1– जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2– आपूर्तिकर्ता का जी०एस०टी० का रजिस्ट्रेशन तथा आयकर देने का प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3– कार्यालय ग्राम पंचायत **बेलगड़ी** द्वारा नामित कर्मचारियों तथा आपूर्तिकर्ताओ की उपस्थिति में निविदा निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर खोला जायेगा।
4– सामग्री / उपकरण की आपूर्ति ग्राम पंचायत **बेलगड़ी** की परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी अलग से कोई ढुलाई व्यय देय नही होगी।
5– जो दरें प्रस्तुत की जाय जी०एस०टी० तथा कार्टेज एवं अन्य कर जोडकर प्रस्तुत की जाय।
6– सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत के आदेश पर की जायेगी।
7– सामग्री / उपकरण की मात्रा तथा समय आवश्यकतानुसार घटाई व बढ़ाई जा सकती है।
8– प्रस्तुत दरें पी०डब्लू०डी० द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नही होगा।
9– आपूर्तिकर्ता के बिल से नियमानुसार आयकर तथा जी०एस०टी० काटी जायेगी।
10– धरोहर की धनराशि नकद अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक के एफ०डी०आर० पत्र/एन०एस०सी०/डाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **बेलगड़ी** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
11– आपूर्ति दर स्वीकृत होने के बाद ग्राम पंचायत के आपूर्ति आदेश से सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति करना अनिवार्य होगा।
12– ग्राम प्रधान / सचिव/पंचायत सहायक/रोजगार सेवक / तकनीकी सहायक/कन्सल्टिंग इन्जीनियर तथा उनके सगे संबंधी रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
13– आपूर्तिकर्ता को भुगतान अवर अभियन्ता आर०ई०डी०/अवर अभियन्ता / कन्सल्टिंग अभियन्ता के द्वारा गुणवत्ता एवं मात्रा प्रमाणित होने एवं मापन के बाद ही होगा।
14– निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 50 रू0 है पर ही स्वीकृत की जायेगी।
15– सामग्री/उपकरण आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
16– निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा।

**(दिनेश कुमार पाण्डेय)** प्रधान ग्राम पंचायत–**बेलगड़ी**

**(शालिनी त्रिपाठी)** सचिव ग्राम पंचायत–**बेलगड़ी**

पत्रांक/ मेमो/टेण्डर विज्ञप्ति 2026/27 दिनांक 10.04.2026

## कार्यालय ग्राम पंचायत दरियापुर जंगल वि.खं. रामनगर, जिला-बस्ती

### अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत **दरियापुर जंगल** द्वारा पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवा वित्त केन्द्रीय वित्त/मनरेगा/वीबी–जीरामजी/राष्ट्रीयग्राम स्वराज/अभियान/स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/एस०एल०डब्लू०एम०/सांसद निधि/विधायक निधि/ अन्त्येष्टि स्थल का विकास/मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना सहित अन्य योजनान्तर्गत योजना वर्ष 2026–27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु ईट, ईट गिट्टी, सीमेंट, लोकल सैड, बालू, मोरंग, मिट्टी दुलाई सहित, पत्थर गिट्टी, इण्टरलाकिंग ईट 80 एम०एम०, सरिया, ऐंगिल, फेंसिंग जाली, जी०आई० शीट, हयूम पाइप 250 एम०एम० व्यास से 900 एम०एम० व्यास तक सभी साइज, बेंच, डस्टबिन, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, विद्युत व इलेक्ट्रानिक उपकरण, इण्डिया मार्का हैण्डपम्प मम्मत व रिबोर से जुडे सामग्री व उपकरण, पेंटिंग, पलम्बिंग सामग्री, फागिंग मशीन व रसायन, सफाई उपकरण, कुर्सी, मेज, अलमारी, स्टेशनरी, साइनबोर्ड, शिलापट्ट, ठेला, ई रिक्शा आदि के आपूर्ति हेतु निविदा दर तथा वांछित एक प्रपत्र बन्द लिफाफे में कार्यालय ग्राम पंचायत **दरियापुर जंगल** के निविदा बाक्स में दिनांक 20–04–2026 तक अपरान्ह 12:00 बजे तक डाली जायेगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 01:00 बजे आपूर्तिकर्ता या उसके प्रतिनिधि के उपस्थिति में कार्यालय ग्राम पंचायत में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहरं धनराशि मु० 5000–00 (पांच हजार) होगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 11–04–2026 से दिनांक 19–04–2026 तक कार्यालय दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

1– जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2– आपूर्तिकर्ता का जी०एस०टी० का रजिस्ट्रेशन तथा आयकर देने का प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3– कार्यालय ग्राम पंचायत **दरियापुर जंगल** द्वारा नामित कर्मचारियों तथा आपूर्तिकर्ताओ की उपस्थिति में निविदा निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर खोला जायेगा।
4– सामग्री / उपकरण की आपूर्ति ग्राम पंचायत **दरियापुर जंगल** की परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी अलग से कोई ढुलाई व्यय देय नही होगी।
5– जो दरें प्रस्तुत की जाय जी०एस०टी० तथा कार्टेज एवं अन्य कर जोडकर प्रस्तुत की जाय।
6– सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत के आदेश पर की जायेगी।
7– सामग्री / उपकरण की मात्रा तथा समय आवश्यकतानुसार घटाई व बढ़ाई जा सकती है।
8– प्रस्तुत दरें पी०डब्लू०डी० द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नही होगा।
9– आपूर्तिकर्ता के बिल से नियमानुसार आयकर तथा जी०एस०टी० काटी जायेगी।
10– धरोहर की धनराशि नकद अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक के एफ०डी०आर० पत्र/एन०एस०सी०/डाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **दरियापुर जंगल** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
11– आपूर्ति दर स्वीकृत होने के बाद ग्राम पंचायत के आपूर्ति आदेश से सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति करना अनिवार्य होगा।
12– ग्राम प्रधान / सचिव/पंचायत सहायक/रोजगार सेवक / तकनीकी सहायक/कन्सल्टिंग इन्जीनियर तथा उनके सगे संबंधी रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
13– आपूर्तिकर्ता को भुगतान अवर अभियन्ता आर०ई०डी०/अवर अभियन्ता / कन्सल्टिंग अभियन्ता के द्वारा गुणवत्ता एवं मात्रा प्रमाणित होने एवं मापन के बाद ही होगा।
14– निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 50 रू0 है पर ही स्वीकृत की जायेगी।
15– सामग्री/उपकरण आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
16– निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा।

**(उर्मिला देवी)** प्रधान ग्राम पंचायत–**दरियापुर जंगल**

**(महेन्द्रनाथ)** सचिव ग्राम पंचायत–**दरियापुर जंगल**

पत्रांक/ मेमो/टेण्डर विज्ञप्ति 2026/27 दिनांक 10.04.2026

## कार्यालय ग्राम पंचायत इब्राहिम चक शेखापुर वि.खं. रामनगर, जिला-बस्ती

### अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत **इब्राहिम चक शेखापुर** द्वारा पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवा वित्त केन्द्रीय वित्त/मनरेगा/वीबी–जीरामजी/राष्ट्रीयग्राम स्वराज/अभियान/स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/एस०एल०डब्लू०एम०/सांसद निधि/विधायक निधि/ अन्त्येष्टि स्थल का विकास/मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना सहित अन्य योजनान्तर्गत योजना वर्ष 2026–27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु ईट, ईट गिट्टी, सीमेंट, लोकल सैड, बालू, मोरंग, मिट्टी दुलाई सहित, पत्थर गिट्टी, इण्टरलाकिंग ईट 80 एम०एम०, सरिया, ऐंगिल, फेंसिंग जाली, जी०आई० शीट, हयूम पाइप 250 एम०एम० व्यास से 900 एम०एम० व्यास तक सभी साइज, बेंच, डस्टबिन, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, विद्युत व इलेक्ट्रानिक उपकरण, इण्डिया मार्का हैण्डपम्प मम्मत व रिबोर से जुडे सामग्री व उपकरण, पेंटिंग, पलम्बिंग सामग्री, फागिंग मशीन व रसायन, सफाई उपकरण, कुर्सी, मेज, अलमारी, स्टेशनरी, साइनबोर्ड, शिलापट्ट, ठेला, ई रिक्शा आदि के आपूर्ति हेतु निविदा दर तथा वांछित एक प्रपत्र बन्द लिफाफे में कार्यालय ग्राम पंचायत **इब्राहिम चक शेखापुर** के निविदा बाक्स में दिनांक 20–04–2026 तक अपरान्ह 12:00 बजे तक डाली जायेगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे आपूर्तिकर्ता या उसके प्रतिनिधि के उपस्थिति में कार्यालय ग्राम पंचायत में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहरं धनराशि मु० 5000–00 (पांच हजार) होगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 11–04–2026 से दिनांक 19–04–2026 तक कार्यालय दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

1– जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2– आपूर्तिकर्ता का जी०एस०टी० का रजिस्ट्रेशन तथा आयकर देने का प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3– कार्यालय ग्राम पंचायत **इब्राहिम चक शेखापुर** द्वारा नामित कर्मचारियों तथा आपूर्तिकर्ताओ की उपस्थिति में निविदा निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर खोला जायेगा।
4– सामग्री / उपकरण की आपूर्ति ग्राम पंचायत **इब्राहिम चक शेखापुर** की परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी अलग से कोई ढुलाई व्यय देय नही होगी।
5– जो दरें प्रस्तुत की जाय जी०एस०टी० तथा कार्टेज एवं अन्य कर जोडकर प्रस्तुत की जाय।
6– सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत के आदेश पर की जायेगी।
7– सामग्री / उपकरण की मात्रा तथा समय आवश्यकतानुसार घटाई व बढ़ाई जा सकती है।
8– प्रस्तुत दरें पी०डब्लू०डी० द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नही होगा।
9– आपूर्तिकर्ता के बिल से नियमानुसार आयकर तथा जी०एस०टी० काटी जायेगी।
10– धरोहर की धनराशि नकद अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक के एफ०डी०आर० पत्र/एन०एस०सी०/डाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **इब्राहिम चक शेखापुर** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
11– आपूर्ति दर स्वीकृत होने के बाद ग्राम पंचायत के आपूर्ति आदेश से सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति करना अनिवार्य होगा।
12– ग्राम प्रधान / सचिव/पंचायत सहायक/रोजगार सेवक / तकनीकी सहायक/कन्सल्टिंग इन्जीनियर तथा उनके सगे संबंधी रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
13– आपूर्तिकर्ता को भुगतान अवर अभियन्ता आर०ई०डी०/अवर अभियन्ता / कन्सल्टिंग अभियन्ता के द्वारा गुणवत्ता एवं मात्रा प्रमाणित होने एवं मापन के बाद ही होगा।
14– निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 50 रू0 है पर ही स्वीकृत की जायेगी।
15– सामग्री/उपकरण आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
16– निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा।

**(मनोज कुमार पाण्डेय)** प्रधान ग्राम पंचायत–**इब्राहिम चक शेखापुर**

**(शैलेन्द्र कुमार राव)** सचिव ग्राम पंचायत–**इब्राहिम चक शेखापुर**

पत्रांक/ मेमो/टेण्डर विज्ञप्ति 2026/27 दिनांक 10.04.2026

## कार्यालय ग्राम पंचायत कथकपुरवा वि.खं. रुधौली, जिला-बस्ती

### अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत **कथकपुरवा** द्वारा पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवा वित्त केन्द्रीय वित्त/मनरेगा/वीबी–जीरामजी/राष्ट्रीयग्राम स्वराज/अभियान/स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/एस०एल०डब्लू०एम०/सांसद निधि/विधायक निधि/ अन्त्येष्टि स्थल का विकास/मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना सहित अन्य योजनान्तर्गत योजना वर्ष 2026–27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु ईट, ईट गिट्टी, सीमेंट, लोकल सैड, बालू, मोरंग, मिट्टी दुलाई सहित, पत्थर गिट्टी, इण्टरलाकिंग ईट 80 एम०एम०, सरिया, ऐंगिल, फेंसिंग जाली, जी०आई० शीट, हयूम पाइप 250 एम०एम० व्यास से 900 एम०एम० व्यास तक सभी साइज, बेंच, डस्टबिन, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, विद्युत व इलेक्ट्रानिक उपकरण, इण्डिया मार्का हैण्डपम्प मम्मत व रिबोर से जुडे सामग्री व उपकरण, पेंटिंग, पलम्बिंग सामग्री, फागिंग मशीन व रसायन, सफाई उपकरण, कुर्सी, मेज, अलमारी, स्टेशनरी, साइनबोर्ड, शिलापट्ट, ठेला, ई रिक्शा आदि के आपूर्ति हेतु निविदा दर तथा वांछित एक प्रपत्र बन्द लिफाफे में कार्यालय ग्राम पंचायत **कथकपुरवा** के निविदा बाक्स में दिनांक 17–04–2026 तक अपरान्ह 12:00 बजे तक डाली जायेगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे आपूर्तिकर्ता या उसके प्रतिनिधि के उपस्थिति में कार्यालय ग्राम पंचायत में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहरं धनराशि मु० 5000–00 (पांच हजार) होगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 11–04–2026 से दिनांक 16–04–2026 तक कार्यालय दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

1– जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2– आपूर्तिकर्ता का जी०एस०टी० का रजिस्ट्रेशन तथा आयकर देने का प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3– कार्यालय ग्राम पंचायत **कथकपुरवा** द्वारा नामित कर्मचारियों तथा आपूर्तिकर्ताओ की उपस्थिति में निविदा निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर खोला जायेगा।
4– सामग्री / उपकरण की आपूर्ति ग्राम पंचायत **कथकपुरवा** की परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी अलग से कोई ढुलाई व्यय देय नही होगी।
5– जो दरें प्रस्तुत की जाय जी०एस०टी० तथा कार्टेज एवं अन्य कर जोडकर प्रस्तुत की जाय।
6– सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत के आदेश पर की जायेगी।
7– सामग्री / उपकरण की मात्रा तथा समय आवश्यकतानुसार घटाई व बढ़ाई जा सकती है।
8– प्रस्तुत दरें पी०डब्लू०डी० द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नही होगा।
9– आपूर्तिकर्ता के बिल से नियमानुसार आयकर तथा जी०एस०टी० काटी जायेगी।
10– धरोहर की धनराशि नकद अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक के एफ०डी०आर० पत्र/एन०एस०सी०/डाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **कथकपुरवा** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
11– आपूर्ति दर स्वीकृत होने के बाद ग्राम पंचायत के आपूर्ति आदेश से सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति करना अनिवार्य होगा।
12– ग्राम प्रधान / सचिव/पंचायत सहायक/रोजगार सेवक / तकनीकी सहायक/कन्सल्टिंग इन्जीनियर तथा उनके सगे संबंधी रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
13– आपूर्तिकर्ता को भुगतान अवर अभियन्ता आर०ई०डी०/अवर अभियन्ता / कन्सल्टिंग अभियन्ता के द्वारा गुणवत्ता एवं मात्रा प्रमाणित होने एवं मापन के बाद ही होगा।
14– निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 50 रू0 है पर ही स्वीकृत की जायेगी।
15– सामग्री/उपकरण आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
16– निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा।

**(मोहम्मद असलम)** प्रधान ग्राम पंचायत–**कथकपुरवा**

**(तीरथ प्रसाद)** सचिव ग्राम पंचायत–**कथकपुरवा**

पत्रांक/ मेमो/टेण्डर विज्ञप्ति 2026/27 दिनांक 10.04.2026

## ग्राम पंचायत मधवापुर कला विकास खण्ड– खुनियांव, जनपद–सिद्धार्थनगर

### अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत **मधवापुर कला** द्वारा जी राम जी / राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना / विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) / 15वां / 16वां वित्त /केन्द्रीय वित्त / पंचम राज्य वित्त आयोग /उत्सव भवन / स्वच्छ भारत मिशन/एम.एल. एल. डब्ल्यू. एम. / सांसद / विधायक एम. एल. सी. निधि के अन्तर्गत वर्ष 2026–2027 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों में प्रयोग हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु (प्रथम श्रेणी ईंट, सीमेंट, ईंट की गिट्टी, पत्थर की गिट्टी, सरिया, पेंट, साइनबोर्ड, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सफाई सामग्री, बेला, सादा बालू, मोरंग बालू, कूड़ादान, प्लास्टिक बैंक, ई–रिक्शा साइकिल, ई–रिक्शा मरम्मत, स्वच्छता किट, इन्सिनरेटर आदि एवं अन्य प्रकार की निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि) की आवश्यकता है। इस निमित्त निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 19–04–2026 को समय 02 :00 बजे तक अपनी निविदा फार्म मूल्य रू100.00 के स्टाम्प पेपर तथा वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में कार्यालय/स्थान ग्राम पंचायत **मधवापुर कला** निविदा बॉक्स में डालेंगे। निविदा उसी दिन 03:00 बजे निविदाताओं के समक्ष खोली जाएगी। शर्तें एवं नियमावली: 1. अधिकृत फर्म/अधिकृत डीलर का जी. एस.टी. रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा 03 वर्ष का आयकर क्लियरेंस संलग्न करना अनिवार्य है। 2. जी. एस. टी. तथा कार्टेज चार्ज जोड़कर ही दरें प्रस्तुत की जाएं। 3. आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति पर 2.28 प्रतिशत आयकर/टीडीएस देना होगा। 4. प्रस्तुत दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होंगी। भुगतान पी.डब्ल्यू.डी. के समयानुसार तय दर पर ही किया जाएगा। 5. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, टीए, अवर अभियंता के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं की जाएगी 16. धरोहर की धनराशि रू 5000.00 (पांच हजार) होगी। 7. धरोहर की राशि राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफडीआर/एनएससी एवं डाकघर के बचत पत्र के रूप में सचिव ग्राम पंचायत के नाम बंधक होगी। मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। 8. निविदा स्वीकृत होने के उपरांत ग्राम प्रधान सचिव ग्राम पंचायत द्वारा आदेश देने पर ही सामग्री की आपूर्ति की जाएगी। 9. आदेश देने के सात दिनों के अंदर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर की धनराशि जब्त कर ली जाएगी। 10. सामग्री की आपूर्ति स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। 11. सामग्री की मात्रा कार्य के अनुसार घटाई व बढ़ाई जा सकती है। 12. आपूर्ति कर्ता को भुगतान का इंजीनियर/अवर अभियंता (या अभियंता) /तकनीकी सहायक द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा माप के उपरांत किया जाएगा। गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर भुगतान नहीं किया जाएगा। 13. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र रू 100.00 में ही स्वीकार किया जाएगा। 14. निविदा फार्म किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किया जा सकता है। 15. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। 16. निविदा के सम्बन्ध में अन्य जानकारी सचिव ग्राम पंचायत **मधवापुर कला** से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। 17. जिस कार्य की निविदा पृथक से निकाली जाएगी उस कार्य पर इस निविदा की शर्तें लागू नहीं होंगी।

**ग्राम प्रधान** नार्मल ग्राम पंचायत–मधवापुर कला विकास खण्ड खुनियांव, सिद्धार्थनगर

**सचिव** लवकुश प्रसाद ग्राम पंचायत–मधवापुर कला विकास खण्ड खुनियांव, सिद्धार्थनगर

# लड़की दिखाई की रस्म से पहले घर में सो रही मां-बेटी पर एसिड अटैक, युवती की मौत



काजल यादव, मृतक

**संवाददाता–कुशीनगर।** एक लड़की पर एसिड अटैक की घटना हुई। लड़की की इसके बाद मौत हो गई। एसिड अटैक लड़की के साथ–साथ उसकी मां पर भी हुआ। महिला का इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि रामकोला थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में सो रही मां बेटी पर तेजाब फेंक दिया। बुरी तरह से झुलसी मां बेटी को परिजनों ने रामकोला सीएचसी पहुंचाया। जहां से दोनों की हालत गंभीर देख गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज में बेटी की मौत हो गयी। मां की हालत गंभीर है। युवती के भाई ने इस मामले में दो युवकों पर संदेह जताते हुए तहरीर दी है। शुक्रवार को सुबह डीआईजी एस चेनप्पा, एसपी केशव कुमार व एएसपी सिद्धार्थ वर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मातहतों को गहराई से छानबीन के निर्देश दिए।

जिस परिवार की मां बेटी पर तेजाब फेंका गया है, उनकी पांच बेटियों में सबसे छोटी 25 साल की बेटी की शादी का तैयारियां चल रही थी। शुक्रवार को उसे देखने वर पक्ष के लोग आने वाले थे। इसके लिए घर पर गुरुवार को कुछ रिश्तेदार भी आए हुए थे। गुरुवार की रात खाना खाने के बाद दो मंजिली मकान में ग्राउंड फ्लोर पर प्रवेश द्वारा से सटे युवती का पिता और मौसी का बेटा सो रहे थे। इससे सटे कमरे में युवती व उसकी 55 वर्ष की मां सो रहे थे। ऊपर की मंजिल पर उसका इकलौता भाई अभिषेक व गांव के युवक के साथ सोया था।

परिजनों द्वारा पुलिस को दी गयी जानकारी के अनुसार रात करीब डेढ़ बजे अचानक बेटी व मां चिल्लाने लगीं तो परिवार के लोग कमरे में पहुंचे। देखा कि दोनों पर तेजाब फेंककर जलाने का प्रयास किया गया था। दोनों बुरी तरह से झुलस चुकी थीं। परिवार के लोग दोनों को लेकर सीएचसी रामकोला पहुंचे। वहां से दोनों को गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज में युवती की मौत हो गयी।

मृतका के इकलौते भाई ने इस मामले में पुलिस को तहरीर देकर अंदेशा जताया है कि दो युवक उसकी बहन से बात करते थे। तेजाब फेंककर बहन की हत्या व मां को गंभीर करने में इन्हीं दोनों का हाथ हो सकता है। पुलिस ने परिवार की तहरीर के आधार पर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घायल महिला का इलाज जारी है। पुलिस का कहना है कि मामले के आरोपियों को पकड़कर जल्द उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। भांजे अंश ने बताया कि वह नाना के साथ बरामदा में सो रहा था। रात में खिड़की पर किसी के हाथ मारने की आवाज सुनकर नींद टूटी। नाना और मैं उठे तो देखा कि नानी के कमरे का दरवाजा बाहर से बंद था। अंदर गए तो देखा नानी और मौसी दर्द से कराह रही हैं। बताया कि कोई तेजाब डालकर भाग गया है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत केशवापुर वि.खं. रुधौली, जिला-बस्ती

### अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत **केशवापुर** द्वारा पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवा वित्त केन्द्रीय वित्त/मनरेगा/वीबी–जीरामजी/राष्ट्रीयग्राम स्वराज/अभियान/स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/एस०एल०डब्लू०एम०/सांसद निधि/विधायक निधि/ अन्त्येष्टि स्थल का विकास/मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना सहित अन्य योजनान्तर्गत योजना वर्ष 2026–27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु ईट, ईट गिट्टी, सीमेंट, लोकल सैड, बालू, मोरंग, मिट्टी दुलाई सहित, पत्थर गिट्टी, इण्टरलाकिंग ईट 80 एम०एम०, सरिया, ऐंगिल, फेंसिंग जाली, जी०आई० शीट, हयूम पाइप 250 एम०एम० व्यास से 900 एम०एम० व्यास तक सभी साइज, बेंच, डस्टबिन, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, विद्युत व इलेक्ट्रानिक उपकरण, इण्डिया मार्का हैण्डपम्प मम्मत व रिबोर से जुडे सामग्री व उपकरण, पेंटिंग, पलम्बिंग सामग्री, फागिंग मशीन व रसायन, सफाई उपकरण, कुर्सी, मेज, अलमारी, स्टेशनरी, साइनबोर्ड, शिलापट्ट, ठेला, ई रिक्शा आदि के आपूर्ति हेतु निविदा दर तथा वांछित एक प्रपत्र बन्द लिफाफे में कार्यालय ग्राम पंचायत **केशवापुर** के निविदा बाक्स में दिनांक 17–04–2026 तक अपरान्ह 12:00 बजे तक डाली जायेगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे आपूर्तिकर्ता या उसके प्रतिनिधि के उपस्थिति में कार्यालय ग्राम पंचायत में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहरं धनराशि मु० 5000–00 (पांच हजार) होगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 11–04–2026 से दिनांक 16–04–2026 तक कार्यालय दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

1– जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2– आपूर्तिकर्ता का जी०एस०टी० का रजिस्ट्रेशन तथा आयकर देने का प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3– कार्यालय ग्राम पंचायत **केशवापुर** द्वारा नामित कर्मचारियों तथा आपूर्तिकर्ताओ की उपस्थिति में निविदा निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर खोला जायेगा।
4– सामग्री / उपकरण की आपूर्ति ग्राम पंचायत **केशवापुर** की परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी अलग से कोई ढुलाई व्यय देय नही होगी।
5– जो दरें प्रस्तुत की जाय जी०एस०टी० तथा कार्टेज एवं अन्य कर जोडकर प्रस्तुत की जाय।
6– सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत के आदेश पर की जायेगी।
7– सामग्री / उपकरण की मात्रा तथा समय आवश्यकतानुसार घटाई व बढ़ाई जा सकती है।
8– प्रस्तुत दरें पी०डब्लू०डी० द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नही होगा।
9– आपूर्तिकर्ता के बिल से नियमानुसार आयकर तथा जी०एस०टी० काटी जायेगी।
10– धरोहर की धनराशि नकद अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक के एफ०डी०आर० पत्र/एन०एस०सी०/डाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **केशवापुर** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
11– आपूर्ति दर स्वीकृत होने के बाद ग्राम पंचायत के आपूर्ति आदेश से सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति करना अनिवार्य होगा।
12– ग्राम प्रधान / सचिव/पंचायत सहायक/रोजगार सेवक / तकनीकी सहायक/कन्सल्टिंग इन्जीनियर तथा उनके सगे संबंधी रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
13– आपूर्तिकर्ता को भुगतान अवर अभियन्ता आर०ई०डी०/अवर अभियन्ता / कन्सल्टिंग अभियन्ता के द्वारा गुणवत्ता एवं मात्रा प्रमाणित होने एवं मापन के बाद ही होगा।
14– निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 50 रू0 है पर ही स्वीकृत की जायेगी।
15– सामग्री/उपकरण आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
16– निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा।

**(पंचराम)** प्रधान ग्राम पंचायत–**केशवापुर**

**(तीरथ प्रसाद)** सचिव ग्राम पंचायत–**केशवापुर**

पत्रांक/ मेमो/टेण्डर विज्ञप्ति 2026/27 दिनांक 10.04.2026

